पीयूष गोयल
PIYUSH GOYAL

वाणिज्य एवं उद्योग,
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक
वितरण तथा वस्त्र मंत्री, भारत सरकार
MINISTER OF COMMERCE & INDUSTRY,
CONSUMER AFFAIRS, FOOD & PUBLIC DISTRIBUTION AND
TEXTILES, GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

<u>संदेश</u>

हिंदी हमारे देश के अधिकांश क्षेत्रों में बोली एवं समझी जाने वाली लोकप्रिय भाषा है। हिंदी ने हमारे देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान समस्त देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा इसे सर्वसम्मति से 14 सितंबर, 1949 को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया था। यह हमारे देश की सभ्यता एवं संस्कृति की जीवंत परंपराओं और रीति-रिवाजों की भी परिचायक है।

वस्त्र क्षेत्र, एक बहुत व्यापक क्षेत्र है जिसमें पटसन, कपास, ऊन, रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प आदि शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों के विकास और सततता के लिए सरकार द्वारा बहुत सी योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करके ही हम इन सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ देश के आम लोगों तक पहुंचा पाएंगे।

हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं वस्त्र मंत्रालय और इसके सभी नियंत्रणाधीन कार्यालयों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों से आग्रह करना चाहूंगा कि आप सभी अपना अधिक से अधिक सरकारी कार्य राजभाषा हिंदी में सम्पादित करें और राजभाषा हिंदी को उचित सम्मान दिलाने में अपना अमूल्य योगदान दें। आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

पीयूष गोयल

पीयूष गोयल

Ministry of Commerce & Industry, Vanijya Bhawan, Akbar Road, New Delhi-110001
Tel. No. : +91 11 23039110, 23039111, E-mail : cimoffice@nic.in